# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## *शुद्धि पत्र संख्या – 11/2025–26*

**क्रमांकः एफ.8ए(19) परीक्षा/A.P. (College Edu.)/ RPSC/EP-I/2024–25** **दिनांक : यथा हस्ताक्षरित**

आयोग द्वारा कॉलेज शिक्षा विभाग के लिए सहायक आचार्य के विभिन्न 30 विषयों के कुल 574 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 10/2025–26 दिनांक 18.09.2025 जारी किया गया जिसके पद क्रम संख्या 30 पर Dance विषय का 01 पद विज्ञापित किया गया था। उक्त विज्ञापन के तहत् ऑनलाईन आवेदन की अवधि दिनांक 20.09.2025 से 19.10.2025 को रात्रि 12:00 बजे तक रखी गई है। आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा के पत्र के क्रम में पद क्रम संख्या 30 पर उल्लेखित विषय Dance को Dance (कथक) पदनाम से प्रतिस्थापित किया जाता है, एवं इस संबंध में निम्नानुसार अधिसूचित किया जाता हैः–

1. उक्त विषय हेतु शैक्षणिक योग्यता व अन्य शर्तें विज्ञापन में उल्लेखानुसार यथावत् रहेंगी।
2. पूर्व में उक्त विज्ञापन के तहत् जिन अभ्यर्थियों ने Dance विषय के लिए आवेदन किया है, उक्त पद की योग्यता धारित करने पर उन अभ्यर्थियों का आवेदन Dance (कथक) विषय हेतु स्वतः ही आवेदित मान लिया जायेगा। उन्हें पुनः आवेदन किये जाने की आवश्यकता नहीं हैं।
3. जिन अभ्यर्थियों ने Dance विषय हेतु ऑनलाईन आवेदन किया था, परन्तु अब Dance (कथक) विषय हेतु शैक्षणिक योग्यता के आधार पर पात्र नहीं हैं, वे अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन यथा समय प्रत्याहरित (Withdrawal) कर लेवें। उक्त विज्ञापन के लिए ओ.टी.आर. प्रणाली के तहत् ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। अतः उन्हें ओ.टी.आर. शुल्क रिफण्ड नहीं किया जायेगा।
4. जो अभ्यर्थी Dance (कथक) विषय हेतु योग्यताधारित हैं, वे अभ्यर्थी आवेदन की अंतिम दिनांक 19.10.2025 रात्रि 12:00 बजे तक आवश्यक रूप से ऑनलाईन आवेदन कर देवें। उक्त तिथि के पश्चात् ऑनलाईन आवेदन का लिंक स्वतः निष्क्रिय हो जायेगा।

**(रामनिवास मेहता)**
**सचिव**

---

RajKaj Ref No.: 18304596
eSign DSC

Document certified by Ram Niwas Mehta
Digitally Signed by RAM NIWAS MEHTA
Designation : Secretary
Date :13-10-2025 05:50:49